# खेल जगत



अत्यधिक दबाव के हालात में विकेट लेने में दिखाई गई समझदारी और उस विकेट को लेने के बाद निश्चित आलोचना का सामना करने से निपटने के लिए यह विकेट गेंदबाजों के खाते में देना कैसा रहेगा। – **रविचन्द्रन अश्विन**

भारतीय क्रिकेटर, मांकडिंग को लेकर।

## आज का खिलाड़ी ▶ भवानी देवी



**ओलंपिक** के लिये क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय तलवारबाज भवानी देवी राष्ट्रीय खेलों के दौरान अपनी नयी तकनीक और रणनीति को परखने पर ध्यान लगाये हैं ताकि इनका इस्तेमाल भविष्य में बड़े टूर्नामेंट में कर सके। पिछले महीने राष्ट्रमंडल तलवारबाजी चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली 29 साल की भवानी गुजरात में होने वाले राष्ट्रीय खेलों में आकर्षित करने वाले खिलाड़ियों में शामिल होंगी। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) द्वारा वर्चुअल बातचीत में भवानी ने कहा, ''मैंने अपना कोच बदला है, मेरी तकनीक, रणनीति और हर चीज में अब बदलाव हुआ है।

**क्या आप जानते हैं ?...** नरूपमा संजीवन भारत की पहली महिला टेनिस खिलाड़ी थी जिसने किसी ग्रैंड स्लैम में जीत दर्ज की। निरूपमा ने 1998 में ऑस्ट्रेलिया ओपन के पहेल राउंड में जीत दर्ज कर यह उपलब्धि हासिल की।

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराया, श्रृंखला 2-1 से जीती



हैदराबाद, 25 सितंबर। भारत ने सूर्यकुमार यादव (69) और विराट कोहली (63) के दमदार अर्द्धशतकों के बाद हार्दिक पांड्या (25 नाबाद) की विस्फोटक पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया को तीसरे टी20 मैच में रविवार को छह विकेट से मात देकर तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से जीती। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 187 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे भारत ने एक गेंद शेष रहते हुए हासिल कर लिया।

सूर्यकुमार ने 36 गेंदों पर पांच चौकों और पांच छक्कों की बदौलत ताबड़तोड़ 69 रन बनाये जबकि कोहली ने 48 गेंदों पर तीन चौकों और चार छक्कों के साथ 63 रन की पारी खेली। दोनों ने तीसरे विकेट के लिये 104 रन की विशाल साझेदारी करके भारत को जीत के करीब पहुंचाया और हार्दिक ने 20वें ओवर की पांचवीं गेंद पर चौका लगाकर भारत को जीत दिलायी।

ऑस्ट्रेलिया को 186 रन के मजबूत स्कोर तक पहुंचाने के लिये कैमरन ग्रीन (52) और टिम डेविड (54) ने विस्फोटक अर्द्धशतक जड़े थे लेकिन सूर्यकुमार-विराट की जोड़ी ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। ग्रीन ने 21 गेंदों पर सात चौकों और तीन छक्कों की बदौलत 52 रन बनाये जबकि टिम डेविड ने 26 गेंदों पर दो चौकों और चार छक्कों के साथ 54 रन की पारी खेली।

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल पहले ही ओवर में एक रन बनाकर पवेलियन लौट गये। कप्तान रोहित शर्मा ने जॉश हेजलवुड को छक्का लगाकर आक्रामकता दिखायी लेकिन वह भी दो चौकों और एक छक्के के साथ 17(14) रन बनाकर आउट हो गये। इसके बाद सूर्यकुमार और विराट ने भारतीय पारी को संभाला और शतकीय साझेदारी से कंगारुओं के हौसले पस्त कर दिये। सूर्यकुमार ने 13वें ओवर में ऐडम ज़ैम्पा की गेंद पर छक्का लगाकर अपना अर्द्धशतक पूरा किया, हालांकि वह 14वें ओवर में छक्का लगाने के प्रयास में बाउंड्री पर कैच आउट हो गये। इसके बाद कोहली और हार्दिक ने चौथे विकेट के लिये 32 गेंदों पर 48 रन की साझेदारी की। भारत को आखिरी ओवर में 11 रन चाहिये थे। विराट पहली गेंद पर छक्का लगाकर दूसरी गेंद पर बाउंड्री पर कैच आउट हो गये, जिसके बाद हार्दिक ने ओवर की पांचवीं गेंद पर चौका लगाकर भारत की विजय पताका लहराई।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से डैनियल सैम्स ने 3.5 ओवर में 33 रन देकर दो विकेट लिये जबकि हेजलवुड और पैट कमिंस ने अपने-अपने चार ओवर के कोटे में 40 रन देकर एक-एक विकेट लिया। कैमरन ग्रीन ने तीन ओवर में 14 रन दिये लेकिन उन्हें कोई विकेट हासिल नहीं हुआ।इससे पहले, भारत ने टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी के लिये बुलाया और ग्रीन पहली गेंद से ही आक्रामक नजर आये। उन्होंने पहले ओवर में भुवनेश्वर कुमार का स्वागत एक चौके और एक छक्के के साथ किया। कप्तान ऐरन फिंच (07) के तीसरे ओवर में पवेलियन लौटने के बावजूद ग्रीन ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए चौथे ओवर में ही टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचा दिया। ग्रीन ने 19 गेंदों पर अपना अर्द्धशतक पूरा किया लेकिन दो गेंदों बाद भुवनेश्वर कुमार का शिकार हो गये।

इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने तेजी से विकेट गंवाये। ग्लेन मैक्सवेल (06), स्टीव स्मिथ (09) और मैथ्यू वेड (01) बड़ा योगदान नहीं दे सके। जॉश इंग्लिस ने 22 गेंदों पर 24 बनाये लेकिन पारी की रफ्तार बढ़ाने से पहले आउट हो गये।

ऑस्ट्रेलिया के 117 रन पर छह विकेट गिरने के बाद डेविड ने डैनियल सैम्स के साथ मोर्चा संभाला और सातवें विकेट के लिये 34 गेंदों पर 68 रन की साझेदारी की। सैम्स 20 गेंदों पर एक चौके और दो छक्कों के साथ 28 रन बनाकर नाबाद रहे। हर्षल पटेल ने आखिरी ओवर में डेविड को आउट करते हुए केवल सात रन दिये और ऑस्ट्रेलिया को 200 रन के संभावित स्कोर तक पहुंचने से रोका।

## भारत ने शॉटगन विश्व चैम्पियनशिप में जीता स्वर्ण

ओसेजिक (क्रोएशिया), 25 सितंबर। शार्दुल विहान, शपथ भारद्वाज और आर्य वंश त्यागी की भारतीय तिकड़ी ने यहां आयोजित शॉटगन विश्व चैंपियनशिप की ट्रैप टीम जूनियर पुरुष प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। भारतीय टीम ने शनिवार को स्वर्ण पदक मुकाबले में इटली को 6-4 से मात दी। भारतीय तिकड़ी ने फाइनल में पहुंचने के लिये अमेरिका को शूटऑफ में 2-0 से हराया था जबकि इटली की टीम क्वालीफिकेशन राउंड में 206 पॉइंट के साथ पहले स्थान पर रही थी।

स्वर्ण पदक मुकाबले में भी इमैनुअल एज़ी, गियरमार्का बारलेता और एडोआर्डो एंतोनिओली की टीम ने 4-0 की बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन भारतीय टीम ने अगले तीन मुकाबले 13-12, 15-14 और 14-12 से जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उल्लेखनीय है कि पांच शॉट के एक राउंड में बेहतर स्कोर वाली टीम को दो अंक दिये गये। भारतीय टीम के नायक आर्य वंश रहे जिन्होंने मैच के दौरान 25 में 24 शॉट सही लगाये। इसके अलावा शार्दुल ने 22 और शपथ ने 21 बार सही निशाना लगाया। इसी बीच, सबीरा हारिस, प्रीति रजक और आद्या त्रिपाठी की भारतीय टीम ने 172 अंकों के साथ प्रतियोगिता में सातवां स्थान प्राप्त किया।

## राष्ट्रीय खेल 2022 के बाद मेरे करियर ने उड़ान भरी : सानिया

नयी दिल्ली, 25 सितंबर। भारत की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्ज़ा ने राष्ट्रीय खेल 2022 के शुरू होने से पहले रविवार को कहा कि राष्ट्रीय खेलों ने उनके करियर को महत्वपूर्ण प्रोत्साहन दिया। सानिया ने कहा, ''मैं सिर्फ 16 साल की थी जब 2002 में राष्ट्रीय खेल आयोजित हुए। मैंने अच्छा प्रदर्शन करके प्रसिद्धि हासिल की। यह मेरे अंतरराष्ट्रीय करियर के लिये सर्वश्रेष्ठ प्रोत्साहन साबित हुआ।'' हैदराबाद से आने वाली सानिया ने इसके बाद अपने करियर में छह ग्रैंड स्लैम युगल खिताब जीते। सानिया इससे पहले दिल्ली की जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप से लेकर राष्ट्रीय खेलों और हैदराबाद के डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट तक भारत में भी खूब टेनिस खेल चुकी थीं। उनके इस स्वर्णिम सफर ने कई युवाओं को प्रेरित किया, जिनमें एक नाम अंकिता रैना का भी है। सानिया ने सात सालों बाद राष्ट्रीय खेलों के आयोजन पर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, ''मैं आयोजकों की सफलता की कामना करती हूं और प्रतियोगियों को उनकी आकांक्षाओं को प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं देता हूं।'' उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा, ''यह अंतरराष्ट्रीय पर्दे पर आने से पहले खुद को परखने के लिये सही मंच है।'' उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेल अद्वितीय हैं क्योंकि यहां अनुभवी खिलाड़ियों और उभरते हुए सितारों का एक मिश्रण देखने को मिलता है। उन्होंने कहा, ''राष्ट्रीय खेलों में शीर्ष एथलीटों की उपस्थिति उभरती प्रतिभाओं के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्त्रोत है।''

## राष्ट्रीय खेलों में भाग ले रहे खिलाड़ियों को पीएम मोदी ने दी शुभकामनायें

नयी दिल्ली 25 सितंबर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 29 सितंबर से गुजरात में शुरू हो रहे राष्ट्रीय खेलों (नेशनल गेम्स) में भाग लेने जा रहे खिलाड़ियों को आज शुभकामनायें दीं। मोदी ने आकाशवाणी पर प्रसारित हो रहे अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात की 93वीं कड़ी के माध्यम से यह शुभकामनायें दी है। उन्होंने कहा कि 29 सितम्बर से गुजरात में इसका आयोजन होने जा रहा है। ये बड़ा ही ख़ास मौका है, क्योंकि इसका आयोजन, कई साल बाद हो रहा है। कोविड महामारी की वजह से पिछली बार के आयोजनों को रद्द करना पड़ा था। प्रधानमंत्री ने इस खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले हर खिलाड़ी को शुभकामनाएं देते हुए कहा इस दिन खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए मैं उनके बीच में ही रहूँगा। आप सब भी इससे जरूर जुड़े और अपने खिलाड़ियों का हौसला बढाएं।

## दिल्ली एफसी ने खिताबी उम्मीदों को जिंदा रखा

नयी दिल्ली, 25 सितंबर। दिल्ली एफसी ने रविवार को कृष्णा पांडे और फहाद तैमूरी के गोलों की बदौलत रॉयल रेंजर्स को 2-1 से हराकर पहली प्रीमियर लीग का खिताब जीतने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा। फहाद तैमूरी को उनके दर्शनीय गोल के लिये मैन ऑफ द मैच चुना गया। दिन के दूसरे मैच में सुदेवा ने तरुनसंघा को शिकस्त सौंपी। खेलो इंडिया महिला लीग में, हॉप्स क्लब ने ग्रोइंग स्टार को 5-0 से पराजित करके अपने विजय अभियान में एक और कामयाबी जोड़ी। विजेता के गोल संतोष (दो), समीक्षा, पूजा और तन्नू ने किये। दिन के दूसरे मैच में हंस क्लब ने लक्ष्मी, आशा थापा और अनिता के गोलों से ईव्स को 3 -1 से परास्त किया। पराजित टीम का गोल यति मेहता ने किया।

## आडवाणी, कोठारी, सीतवाला को विश्व बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप में सीधा प्रवेश

नयी दिल्ली, 25 सितंबर। भारत के चोटी के खिलाड़ियों पंकज आडवाणी, सौरव कोठारी और ध्रुव सीतवाला को कुआलालंपुर में चार से आठ अक्टूबर तक होने वाली आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में सीधा प्रवेश दिया गया है। भारत के जो अन्य खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे उनमें ध्वज हरिया, लौकिक पाथारे, एस श्रीकृष्णा और रोहन जंबुसरिया शामिल हैं। कोविड-19 महामारी के कारण इस प्रतियोगिता का आयोजन दो साल बाद किया जा रहा है जिसमें म्यांमा, सिंगापुर, भारत, वियतनाम, श्रीलंका, थाईलैंड, मलेशिया और अन्य देशों के शीर्ष खिलाड़ी भाग लेंगे। पिछली बार इस प्रतियोगिता का आयोजन 2019 में म्यांमा में किया गया था। इस साल यह प्रतियोगिता 150 से अधिक अंक के प्रारूप में खेली जाएगी।

## सैमसोनोवा ने झेंग को हराकर दो महीने में तीसरा डब्ल्यूटीए खिताब जीता

तोक्यो, 25 सितंबर। रूस की लियूडमिला सैमसोनोवा ने रविवार को यहां चीन की झेंग किनवेन को 7-5, 7-5 से हराकर दो महीने के अंदर अपना तीसरा डब्ल्यूटीए खिताब हासिल किया। विश्व रैंकिंग में 30वीं रैंकिंग की सैमसोनोवा ने अगस्त में वाशिंगटन और क्लीवलैंड में ट्राफी जीती थी। वह अमेरिकी ओपन के भी चौथे दौर तक पहुंची थीं। 23 साल की खिलाड़ी ने अपने पिछले 19 में से 18 मैच जीते हैं और तोक्यो में एक भी सेट नहीं गंवाया। सैमसोनोवा ने कहा, ''यह शानदार है। मुझे लगता है कि मुझे इसे महसूस करने में थोड़ा और समय लगेगा लेकिन यह अविश्वसनीय है।

## मणिपुर, झारखंड सुब्रतो कप अंडर-17 महिला फाइनल में

नयी दिल्ली, 25 सितंबर। वांगोई हायर सेकेंडरी स्कूल (मणिपुर) और सेंट पैट्रिक हाई स्कूल (झारखंड) ने रविवार को 61वें सुब्रतो कप के अंडर-17 बालिका वर्ग फाइनल में जगह बनायी। अंबेडकर स्टेडियम में खेले गये पहले सेमीफाइनल में, सेंट पैट्रिक गुमला ने जीएसएसएस अलखपुरा (हरियाणा) को 1-0 से मात दी। विजेता टीम का गोल एलिजार्ड लाकड़ा ने 5वें मिनट में किया। वांगोई हायर सेकेंडरी स्कूल ने दूसरे सेमीफाइनल में आरकेएस गर्ल्स हाई स्कूल (बिहार) को 3-1 से हराकर फाइनल में कदम रखा।

## अदिति अर्कानसास चैम्पियनशिप में कट से चूकी

रोजर्स (अमेरिका), 25 सितंबर। भारतीय महिला गोल्फर अदिति अशोक ने वालमार्ट एनडब्ल्यू अर्कानसास चैम्पियनशिप के दूसरे दौर में अपने कार्ड में सुधार करते हुए चार अंडर 67 का स्कोर बनाया लेकिन यह उन्हें कट में पहुंचाने के लिये काफी नहीं था। बेंगलुरू की 24 साल की खिलाड़ी अदिति ने 10वें होल से शुरूआत करते हुए 11वें से 15वें होल में पांच में से चार में बर्डी लगायी। बचे हुए 12 होल में उन्होंने दो बर्डी लगायी और दो बोगी कर बैठीं लेकिन पहले दिन दो ओवर 73 के निराशाजनक कार्ड से उनका कुल स्कोर दो अंडर रहा जिससे वह दो शॉट से कट लाइन से पिछड़ गयीं।

## आरसीए चुनाव की मतदाता सूची जारी

जयपुर, 25 सितम्बर। राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) 30 सितम्बर को होने वाले चुनावों के लिए आज मतदाता सूची जारी कर दी गई है। चुनाव अधिकारी द्वारा जारी 36 मतदाताओं में 33 जिला संघों के अलावा तीन पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी मतदाता है।

## रहाणे ने छींटाकशी करने पर जायसवाल को मैदान से बाहर जाने को कहा

कोयंबटूर, 25 सितंबर। पश्चिम क्षेत्र के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने दक्षिण क्षेत्र के खिलाफ दलीप ट्रॉफी फाइनल के पांचवें और अंतिम दिन रविवार को यहां अनुशासनहीनता दिखाने वाले अपने साथी यशस्वी जायसवाल को मैदान छोड़ने का आदेश देकर नई मिसाल पेश की। जायसवाल ने पश्चिम क्षेत्र की दूसरी पारी में दोहरा शतक जड़कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। लेकिन रविवार को जब दक्षिण क्षेत्र 529 रन के विशाल लक्ष्य के सामने अपनी पारी आगे बढ़ा रहा था तब वह विवादों में फंस गए। इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने दक्षिण क्षेत्र के बल्लेबाज रवि तेजा पर छींटाकशी की जिसके बाद उनके कप्तान रहाणे ने उन्हें मैदान से बाहर जाने के लिए कहा। जायसवाल बल्लेबाज के करीब क्षेत्ररक्षण कर रहे थे और लगातार छींटाकशी करने के कारण रवि तेजा ने उनकी शिकायत भी की। जायसवाल को चेतावनी दी गई थी लेकिन पारी के 57वें ओवर में जब मैदानी अंपायर ने उनकी शिकायत की तो रहाणे ने उनसे बात की और उन्हें मैदान से बाहर जाने को कहा। इसके बाद पश्चिम क्षेत्र ने 10 खिलाड़ियों के साथ ही क्षेत्ररक्षण किया।

जायसवाल सात ओवर तक मैदान से बाहर रहे और उसके बाद ही क्षेत्ररक्षण करने के लिए लौटे। पश्चिम क्षेत्र ने यह मैच 294 रन से जीता और जायसवाल को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। रहाणे को हमेशा मैदान पर अपनी अनुशासनप्रियता के लिए जाना जाता है।

## पश्चिम क्षेत्र ने जीता दलीप ट्रॉफी खिताब

कोयंबटूर, 25 सितंबर। पश्चिम क्षेत्र ने यशस्वी जायसवाल (265) के दोहरे शतक और जयदेव उनडकट (छह विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण क्षेत्र को 294 रन से हराकर रविवार को दलीप ट्रॉफी खिताब जीत लिया। पश्चिम ने दक्षिण को 529 रन का लक्ष्य दिया था, जिसके जवाब में दक्षिण 234 रन पर ऑलआउट हो गयी। टी रवि तेजा और रविश्रीनिवासन साई किशोर ने पांचवें दिन दक्षिण की पारी को 154/6 से आगे बढ़ाते हुए सराहनीय संघर्ष किया। दोनों ने पहले एक घंटे में 49 रन जोड़े, लेकिन ड्रिंक ब्रेक के बाद साई किशोर (07) का विकेट गिरते ही अगले तीन बल्लेबाज भी तेजी से आउट हो गये। रोहन कुन्नुमल (93) के बाद रवि तेजा ने दक्षिण के लिये सर्वाधिक 53 रन बनाये। उन्होंने 97 गेंदों की पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया।

## उम्मीद है कि भारत और दुनिया में महिला क्रिकेट के विकास में योगदान करने में सफल रही हूं : झूलन

लंदन, 25 सितंबर। दो दशक लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर के बाद क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने वाली महान तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने रविवार को उम्मीद जतायी कि वह भारत और दुनिया में अगली पीढ़ी की खिलाड़ियों को इस 'खूबसूरत खेल' को खेलने के लिये प्रेरित करने में सफल रहीं हैं। झूलन (39 वर्ष) ने शनिवार को अपने करियर का समापन स्वप्निल तरीके से किया जिसमें भारतीय महिला टीम ने लार्ड्स पर तीसरे और अंतिम वनडे में इंग्लैंड को 16 रन से हराकर इंग्लैंड की सरजमीं पर पहली बार श्रृंखला क्लीन स्वीप की।

झूलन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किये विदाई संदेश में लिखा, ''बतौर क्रिकेटर मैं हमेशा ईमानदार रही हूं और उम्मीद करती हूं कि मैं भारत और दुनिया में महिला क्रिकेट के विकास में योगदान करने में कामयाब रही हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं अगली पीढ़ी की महिलाओं को इस खूबसूरत खेल को खेलने के लिये प्रेरित करने में सफल रही हूं। ''

उन्होंने लिखा, ''जिस तरह से हर यात्रा का अंत होता है, 20 साल से ज्यादा वर्षों की मेरी क्रिकेट यात्रा भी आज मेरे क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा के साथ खत्म हो गयी। झूलन ने अपना क्रिकेट करियर 2002 में शुरू किया था और उन्होंने अपने करियर का अंत महिला क्रिकेट की सर्वाधिक विकेट चटकने वाली गेंदबाज के तौर पर किया। उन्होंने 12 टेस्ट में 44 विकेट, 204 वनडे में 255 विकेट और 68 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 56 विकेट हासिल किये। उन्होंने कहा, ''मेरे लिये यह यात्रा काफी संतोषजनक रही है। यह काफी उत्साहजनक और रोमांच से भरपूर रही है। मुझे दो दशक तक भारतीय जर्सी पहनने और अपनी सर्वश्रेष्ठ काबिलियत से देश की सेवा करने का सम्मान मिला। मैच से पहले जब भी राष्ट्रगान सुनती तो हर बार गर्व महसूस होता। ''

झूलन ने लिखा, ''मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के तौर पर अपने जीवन के 20 वर्षों में टीम की अपनी साथी खिलाड़ियों के साथ और मैदान के बाहर प्रत्येक पल का आनंद लिया। मैंने क्रिकेट को हमेशा प्यार किया है और अब जब पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर संन्यास ले रही हूं तो मैं तुमसे (क्रिकेट) ज्यादा दूर नहीं रहूंगी।

## बीसीसीआई ने झूलन गोस्वामी को उत्कृष्ट करियर के लिये बधाई दी

मुंबई, 25 सितंबर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास लेने वाली भारत की दिग्गज गेंदबाज और पूर्व कप्तान झूलन गोस्वामी को रविवार को एक उत्कृष्ट करियर के लिये बधाई दी। बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा, ''झूलन के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास लेने की घोषणा के साथ एक युग का अंत हो गया है। उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व करने में बहुत गर्व महसूस किया और हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए भारतीय क्रिकेट की विशिष्ट सेवा की। वह भारत के गेंदबाजी आक्रमण की अगुआ थीं और उनके कारनामे वर्तमान और नवोदित क्रिकेटरों को प्रेरित करते रहेंगे। खेल में उनका योगदान यादगार रहा है। मैदान पर उनकी प्रेरक उपस्थिति को याद किया जाएगा, उनकी उपलब्धियां आने वाले क्रिकेटरों को प्रेरित करती रहेंगी। वर्ष 2002 में पदार्पण करने वाली गोस्वामी ने दो दशकों में फैले एक अंतरराष्ट्रीय करियर में 12 टेस्ट, 204 एकदिवसीय और 68 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और कुल 355 विकेट लिए। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने कहा, झूलन गोस्वामी खेल में अब तक की सबसे महान खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने अपने असाधारण गेंदबाजी कौशल के साथ कई वर्षों तक भारत के गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व किया और उन युवा क्रिकेटरों के लिए एक मानक स्थापित किया।

## पीसीबी प्रमुख ने सकलेन के घुटने के उपचार के लिए 10 लाख स्वीकृत किए

कराची, 25 सितंबर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष रमीज राजा ने राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच सकलेन मुश्ताक के घुटने के उपचार के लिए 10 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। 'डेली जंग' समाचार पत्र की खबर के अनुसार रमीज ने इस राशि को तुरंत जारी करने का फैसला किया है। राष्ट्रीय टीम के चिकित्सक नजीब सोमरो ने पिछले कुछ समय से घुटने की समस्या से परेशान सकलेन के इलाज के लिए उन्हें 10 लाख रुपये देने का आग्रह किया था। यह राशि उस समय मांगी गई थी जब पाकिस्तान की टीम हाल में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए नीदरलैंड में थी और सकलेन को वहां कुछ उपचार कराना पड़ा। खबर के अनुसार अंतरिम कार्यकाल पूरा होने के बाद सकलेन को इसी हफ्ते मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। उन्होंने घुटने में दर्द की शिकायत की थी। एक विश्वस्त सूत्र ने बताया, ''इस मामले में जो चीज अलग है वह यह है कि सकलेन के उपचार के लिए राशि जारी करने में जो तेजी दिखाई गई।'' सूत्र ने कहा कि पीसीबी आम तौर पर अपने अनुबंधित खिलाड़ियों और कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा देता है लेकिन उचित प्रक्रिया के बाद ही राशि जारी की जाती है। उन्होंने कहा, ''लेकिन इस मामले को रमीज ने अपवाद के रूप में लिया क्योंकि सकलेन पिछले कुछ समय से अपने घुटने की समस्या को लेकर शिकायत कर रहा था। टीम चिकित्सक ने सिफारिश की इसलिए राशि जारी की गई। पाकिस्तान के लिए 49 टेस्ट और 169 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में कुल 496 अंतरराष्ट्रीय विकेट चटकाने वाले सकलेन का करियर घुटने की चोट के कारण ही खत्म हुआ था।

## बीसीसीआई चुनाव अक्टूबर 18 को

मुंबई, 25 सितंबर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के नये अध्यक्ष की नियुक्ति के लिये चुनाव 18 अक्टूबर 2022 को आयोजित होंगे। बीसीसीआई द्वारा नियुक्त निर्वाचन अधिकारी एके जोती ने शनिवार को राज्य संघों को सूचना जारी करते हुए कहा कि वे अपने प्रतिनिधियों का नामांकन चार अक्टूबर को शाम छह बजे से पहले-पहले कर सकते हैं। सूचना के अनुसार बीसीसीआई अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष की नियुक्ति के लिये चुनाव 18 अक्टूबर को होंगे और नतीजे भी इसी दिन सामने आयेंगे। उम्मीदवार सूची का मसौदा पांच अक्टूबर को किया जायेगा जबकि अगले दो दिन इस मसौदे पर आपत्तियां आमंत्रित करने के लिये रखे जायेंगे। वैध उम्मीदवारों की सूची 13 अक्टूबर को शाम सात बजे प्रकाशित की जाएगी और उम्मीदवार 14 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से शाम चार बजे के बीच अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची चुनाव से तीन दिन पहले 15 अक्टूबर को प्रकाशित की जाएगी। बीसीसीआई आम चुनाव की संहिता के अनुसार एक उम्मीदवार केवल एक पद के लिए चुनाव लड़ सकता है। कोई भी प्रतिनिधि एक पद के संबंध में एक से अधिक उम्मीदवारों का प्रस्तावक या समर्थक नहीं होगा। यदि कोई उम्मीदवार किसी पद के लिए दो नामांकन फॉर्म दाखिल करता है तो उसे 13 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से पहले एक नामांकन वापस लेना होगा।

## कुलदीप यादव की 'हैट्रिक', साव का तेज तर्रार अर्द्धशतक, भारत-ए ने श्रृंखला जीती

चेन्नई, 25 सितंबर। बायें हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव की 'हैट्रिक' और पृथ्वी साव के तेज तर्रार अर्धशतक (77 रन) की बदौलत भारत ए ने रविवार को यहां दूसरे अनाधिकृत वनडे में न्यूजीलैंड ए के खिलाफ चार विकेट की जीत से तीन मैचों की श्रृंखला पर कब्जा कर लिया।

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ए की टीम 47 ओवर में 219 रन पर सिमट गयी जिसमें कुलदीप ने 'हैट्रिक' लेकर कुल चार विकेट अपने नाम किये। मेहमान टीम का स्कोर छह विकेट पर 210 रन था जिसके बाद वह 219 रन पर सिमट गयी जिसमें कुलदीप ने अंतिम चारों विकेट झटके। सीन सोलिया के रूप में मैच का पहला विकेट लेने वाले कुलदीप ने लोगान वान बीक, जो वॉकर और जैकब डफी के विकेट झटककर यादगार 'हैट्रिक' ली। इसके बाद भारत ने ए ने 34 ओवर में छह विकेट पर 222 रन बनाकर यह लक्ष्य 16 ओवर रहते हासिल कर लिया और श्रृंखला जीत ली। घरेलू टीम ने गुरूवार को पहले मैच में सात विकेट से जीत दर्ज की थी। तीसरा और अंतिम मैच मंगलवार को खेला जायेगा।

कुलदीप ने बाद में पत्रकारों से कहा, ''किसी भी स्तर पर 'हैट्रिक' लेना विशेष है। यह काफी विशेष है। न्यूजीलैंड ए के लिये रचिन रविंद्र (65 गेंद में 61 रन) और जो कार्टर (80 गेंद में 72 रन) ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं।

सलामी बल्लेबाज चाड बॉवेस (15 रन) और रविंद्र ने 32 रन की साझेदारी निभायी। फिर रविंद्र ने तीसरे नंबर के बल्लेबाज डेन क्लीवर (06) के साथ मिलकर 31 रन बनाये। रविंद्र ने कुछ अच्छे शॉट लगाये लेकिन ऋषि धवन की गेंदबाजी पर रूतुराज गायकवाड को कैच देकर आउट हुए। न्यूजीलैंड ए के कप्तान रोबर्ट ओ डोनेल शून्य पर आउट हुए। फिर भारत की अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य राज अंगद बावा ने टॉम ब्रुस (10 रन) को आउट किया जिससे टीम का स्कोर पांच विकेट पर 133 रन हो गया।

टीम के लिये शीर्ष स्कोरर रहे कार्टर लेग स्पिनर राहुल चाहर (50 रन देकर दो विकेट) की गेंद पर आउट हुए। सोलिया 49 गेंद में 28 रन बनाकर कुलदीप का पहला शिकार बने। अपने अंतिम ओवर में कुलदीप ने बीक, वॉकर और डफी को आउट किया।

इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के लिये साव ने तेज शुरूआत की जिससे टीम ने सातवें ओवर में 50 रन बना लिये थे। साव ने स्वीप शॉट से 26 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 48 गेंद की अपनी पारी में 11 चौके और तीन छक्के लगाये।

गायकवाड़ 34 गेंद में 30 रन बनाकर आउट हुए। फॉर्म में चल रहे रजत पाटीदार 20 रन के निजी स्कोर पर पवेलियन पहुंचे जिससे टीम का स्कोर दो विकेट पर 131 रन था। साव दो रन बाद वॉकर का शिकार हुए। कप्तान संजू सैमसन ने 35 गेंद में 37 रन की पारी खेली जिसमें चार चौके और दो छक्के जड़े थे। तिलक वर्मा और बावा शून्य पर आउट हो गये। इससे टीम थोड़ी मुश्किल में आ गयी थी लेकिन धवन (43 गेंद में नाबाद 22 रन) और शार्दुल ठाकुर (24 गेंद में नाबाद 25 रन) ने मिलकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।